## खबर संक्षेप

### घर के पास खेलते-खेलते कुएं में गिरी डेढ़ साल की बच्ची, अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम



**सतना।** बरौंधा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत महतैन के बीरगढ़ा गांव में एक बेहद हृदय विदारक घटना सामने आई है,जहां महज डेढ़ वर्ष की एक मासूम बच्ची की कुएं में डूबने से अकाल मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद से पीड़ित परिवार सहित पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीरगढ़ा निवासी सुरेश मवासी की डेढ़ वर्षीय पुत्री नेहा मवासी अपने घर के पास खेल रही थी। खेलते-खेलते मासूम अचानक घर के समीप स्थित कुएं के पास पहुंच गई और अनियंत्रित होकर उसमें गिर गई। जब तक परिजनों को इस बात की भनक लगी और बच्ची को कुएं से बाहर निकाला गया,तब तक उसकी हालत बेहद नाजुक हो चुकी थी।

**अस्पताल में डॉक्टरों ने किया मृत घोषित-** मासूम की सांसें चलती देख परिजन जिंदगी की आखिरी आस लिए उसे आनन-फानन में तत्काल मझगवां अस्पताल लेकर पहुंचे। हालांकि,तब तक काफी देर हो चुकी थी। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर विजयकांत ने बच्ची की प्राथमिक जांच की और उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे ने हर किसी की आंखें नम कर दी हैं।<

### नजीराबाद मछली मार्केट के पास खंभे में उतरा करंट, बैल की मौत



**सतना।** शहर के नजीराबाद इलाके में स्थित मछली मार्केट के सामने आज एक बड़ा हादसा हो गया। यहाँ सड़क किनारे स्थित एक बिजली के खंभे में अचानक तेज करंट उतर आया। इसी दौरान वहां से गुजर रहा एक बैल इस लाइव करंट की चपेट में आ गया,जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय निवासियों और दुकानदारों में बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि व्यस्त बाजार क्षेत्र में इस तरह की लापरवाही इंसानी जान के लिए भी बड़ा खतरा साबित हो सकती है।

### महाप्रबंधक के खिलाफ संविदाकारों का धरना छठवें दिन भी जारी

**सतना।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के महाप्रबंधक उमेश साहू के खिलाफ संविदाकारों का धरना प्रदर्शन पिछले 6 दिनों से लगातार जारी है।संविदाकारों ने महाप्रबंधक पर गंभीर भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के आरोप लगाए हैं। प्रदर्शनकारियों का साफ तौर पर कहना है कि जब तक उमेश साहू पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी,तब तक उनका यह आंदोलन थमेगा नहीं। संविदाकारों ने यह भी दावा किया है कि महाप्रबंधक को भोपाल स्तर से एक बड़े मैनेजमेंट का 'कवच' मिला हुआ है,जो उनके भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने का काम कर रहा है।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का 14 जुलाई से दो दिवसीय मैहर दौरा

**मैहर।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार आगामी 14 और 15 जुलाई को मैहर जिले के दो दिवसीय संगठनात्मक प्रवास पर आ रहे हैं। इस बात की जानकारी देते हुए भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष सत्यभान पटेल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर जिले भर के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है और व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार,14 जुलाई को झुकेही,पचपहटा,नौगवां,बेरमा मंडी समेत कई स्थानों पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा।

### सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जन्म जयंती पर करणी सेना ने किया भोजन वितरण

**सतना।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना (जिला सतना) द्वारा संगठन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय सुखदेव सिंह जी गोगामेड़ी की जन्म जयंती सेवा और संकल्प के साथ मनाई गई। जिला संयोजक डॉ. अमित सिंह के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल के सेवा संकल्प परिसर में जरूरतमंदों और मरीजों के परिजनों को ससम्मान निःशुल्क भोजन कराया गया।

# सीनियर सिटीजन के सूने मकान में लाखों की सनसनीखेज चोरी, निशाने पर प्रभात विहार कॉलोनी

## बीमार पत्नी को अस्पताल ले गया था पीड़ित परिवार, चोरों ने महज कुछ घंटों में वारदात को दिया अंजाम

सतना।

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पॉश कॉलोनी प्रभात विहार में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात चोरों ने एक सीनियर सिटीजन दंपति के सूने मकान को निशाना बनाते हुए करीब साढ़े नौ लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।वारदात के तरीके को देखकर पुलिस को आशंका है कि चोरों ने पहले घर की बकायदा रेकी की थी और उन्हें कीमती सामान के सटीक ठिकाने की पूरी जानकारी थी।





### लैपटॉप को छुआ तक नहीं,सीधे अलमारी का तोड़ा लॉक

चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर के भीतर प्रवेश किया। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि चोरों ने समय गंवाए बिना सीधे उसी अलमारी पर धावा बोला,जिसमें परिवार के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी रखी हुई थी। अलमारी का लॉक तोड़कर बदमाश लगभग 8 लाख रुपये के जेवर और करीब डेढ़ लाख रुपये नकद समेटकर फरार हो गए। हैरत की बात यह है कि चोरों ने घर में रखे कीमती लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामानों को छुआ तक नहीं।

### चोरी गए सामानों की सूची

सोने के कंगनः 2 जोड़ी (वजन करीब 20 ग्राम) सोने की चेनः 1 नग (वजन करीब 15 ग्राम) अन्य स्वर्ण आभूषणः काले मोतियों वाला छोटा मंगलसूत्र लॉकेट,सोने की अंगूठी,4 जोड़ी सोने के टॉप्स।

### अस्पताल पहुंचे पीड़ित, पीछे से सक्रिय हुए चोर

प्राप्त जानकारी के अनुसार,प्रभात विहार कॉलोनी निवासी सीनियर सिटीजन राजीव दुबे की पत्नी वंदना अवस्थी का कुछ दिनों पहले गॉल ब्लैडर (पित्ताशय) का ऑपरेशन हुआ था। शनिवार रात करीब 10 बजे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और असहनीय दर्द होने लगा।राजीव दुबे आनन-फानन में पत्नी को इलाज के लिए नहर नर्सिंगहोम लेकर पहुंचे,जहां चिकित्सकों ने स्थिति को देखते हुए उन्हें ऑब्जर्वेशन में भर्ती कर लिया। दंपति के अस्पताल जाते ही घर सूना हो गया और पहले से नजर गड़ाए बैठे बदमाश सक्रिय हो गए।

### सुबह पड़ोसियों ने दी सूचना जांच में जुटी पुलिस

रविवार सुबह जब पड़ोसियों ने राजीव दुबे के घर का मुख्य ताला टूटा और दरवाजा खुला देखा,तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पीड़ित परिवार को दी। अस्पताल से जब परिजन मौके पर पहुंचे,तो अलमारी का लॉक टूटा हुआ था और सारा कीमती सामान गायब था। इस वारदात ने पुलिसिया चौकसी पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरों का सीधे अलमारी तक पहुंचना इस बात का पुख्ता संकेत है कि या तो वारदात से पहले गहरी रेकी की गई थी या फिर किसी ऐसे करीबी या जानकार ने सूचना लीक की,जिसे घर के आंतरिक कमरों और अलमारी की पूरी जानकारी थी। फिलहाल ,सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल और आस-पास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### डायमंडः 1 जोड़ी डायमंड टॉप्स।

चांदी के जेवरः भारी चांदी की पाजेब,2 जोड़ी छोटी पायल,लगभग 20 जोड़ी बिछिया और 6-7 चांदी के सिक्के। नकदीः करीब 1,50,000 (जिसमें 200,100,50,20 और 10 रुपये के नोटों की गड्डियां तथा 10,000 अतिरिक्त शामिल थे)।

### कॉलोनियों में बढ़ता खौफ गश्त बढ़ाने की मांग

सतना शहर में पिछले कुछ समय से चोरी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। विशेष रूप से सूने मकानों और बुजुर्ग (सीनियर सिटीजन) परिवारों को निशाना बनाए जाने से स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश और असुरक्षा का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि कॉलोनियों में प्रभावी रात्रिकालीन पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और संदिग्धों की नियमित निगरानी हो। साथ ही इस सनसनीखेज चोरी का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जाए ताकि कानून व्यवस्था बहाल हो सके।



## सतना-सेमरिया मार्ग पर जर्जर अंडरब्रिज और सड़कें, जोखिम में जान

**सतना।** सतना-सेमरिया मार्ग के परिवर्तित मार्ग पर स्थित नैना सगमनिया में हालात बेहद चिंताजनक बने हुए हैं। यहां की मुख्य सड़कें और रेलवे अंडरब्रिज पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं,जिससे आने-जाने वाले वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक,बदहाल सड़क और अंडरब्रिज के 'चिथड़े उड़ने' जैसी स्थिति होने के बावजूद इस मार्ग से लोग अपनी जान जोखिम में डालकर गुजरने को मजबूर हैं। प्रशासन की अनदेखी के चलते इस परिवर्तित मार्ग पर कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना हो सकती है,जिससे यात्रियों में गहरा आक्रोश है।

### पुण्यतिथि पर 'सेवा संकल्प' में मरीजों को भोजन

**सतना।** भाजपा अटल बिहारी वाजपेई मंडल के प्रेम नगर (शक्ति केंद्र क्रमांक 34) के संयोजक बीके शुक्ला की माता स्वर्गीय गोमती देवी शुक्ला की छठवीं पुण्यतिथि पर आज एक सराहनीय सेवा कार्य किया गया। इस मौके पर 'सेवा संकल्प' के माध्यम से जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों के लिए निःशुल्क भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई। इस भावपूर्ण आयोजन में बृजेश कुमार शुक्ला,विप्र चतुर्वेदी,कमलेश शुक्ला,सुरेश बड़ेरिया,भुवनेश्वर शुक्ला,दिनेश उपाध्याय,मीडिया प्रभारी राजेश त्रिपाठी नीलू समेत कई भाजपा पदाधिकारी,गणमान्य नागरिक और समाजसेवी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## दीपू मिश्रा पर एफ आई आर की मांग को लेकर क्षत्रिय कुर्मी समाज का विशाल ट्रैक्टर प्रदर्शन



**मैहर।** रामनगर नगर परिषद अध्यक्ष के पति एवं कांग्रेस नेता कैलाश(दीपू) मिश्रा द्वारा कुर्मी क्षत्रिय समाज के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में आज समाज का गुस्सा फूट पड़ा। क्षत्रिय कुर्मी समाज के बैनर तले सैकड़ों लोगों ने ट्रैक्टरों और मोटरसाइकिलों के साथ एक विशाल आक्रोश रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग थी कि दीपू मिश्रा पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए। यह रैली लगभग दोपहर एक बजे अमरपाटन से रवाना हुई। तय कार्यक्रम के अनुसार रैली को मैहर के जीरो पॉइंट से प्रवेश कर स्टेट बैंक चौराहा और कटनी रोड होते हुए गल्ला मंडी पहुंचना था। हालांकि,कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने जीरो पॉइंट पर भारी पुलिस बल तैनात कर रखा था,जहां पुलिस ने ट्रैक्टर रैली को शहर के भीतर जाने से रोक दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारी अपनी मांग को लेकर वहीं अड़ गए। मौके पर पहुंचे सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान ने प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधियों को समझाइश दी,जिसके बाद वे शहर के अंदर न जाकर हाईवे के रास्ते गल्ला मंडी जाने पर सहमत हुए।

गल्ला मंडी पहुंचकर यह रैली एक विशाल जनसभा में बदल गई।सभा में वक्ताओं ने कहा कि न्याय और सम्मान सबके लिए समान होना चाहिए और समाज की गरिमा को ठेस पहुंचाने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। यदि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई,तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। सभा के समापन पर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान डॉ.दुर्योधन सिंह,राजेंद्र सिंह बबलू,वीरेंद्र सिंह,जिला अध्यक्ष राम सुशील पटेल,ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रपाल पटेल सहित समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## आईसीएआर के रावे कार्यक्रम के तहत एकेएस विश्वविद्यालय ने सितपुरा में चलाया खेत बचाओ अभियान, किसानों को प्राकृतिक एवं वैज्ञानिक खेती का दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण



**सतना।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव (रावे) एवं कृषि औद्योगिक संलग्नता (एआईए)-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत नैक प्रत्यायित एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता प्राप्त एकेएस विश्वविद्यालय,सतना के कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के कृषि प्रसार शिक्षा विभाग द्वारा ग्राम सितपुरा में खेत बचाओ अभियान के तहत किसान संगोष्ठी,व्यावहारिक कृषि प्रशिक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।रावे कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि विद्यार्थियों को ग्रामीण परिवेश में रहकर किसानों के साथ प्रत्यक्ष कार्य करने का अवसर प्रदान करना,उनकी समस्याओं को समझना तथा वैज्ञानिक एवं नवीन कृषि तकनीकों का खेत स्तर तक प्रभावी प्रसार करना है,जिससे कृषि शिक्षा और ग्रामीण समाज के बीच सशक्त समन्वय स्थापित हो सके। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डॉ.डी.पी.चतुर्वेदी,डॉ.विष्णु ओमर, अंशुल आसरे एवं अनूप शुक्ला ने किसानों को प्राकृतिक खेती,खरीफ फसलों की वैज्ञानिक तैयारी,मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन,जल संरक्षण,फसल सुरक्षा,संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के विवेकपूर्ण उपयोग,जैविक एवं प्राकृतिक विकल्पों को अपनाने,खेतों की उर्वरता बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का संदेश दिया। रावे एवं एआईए कार्यक्रम की छात्राओं पलक एस.शर्मा,प्रज्ञा पटेल,ऋतिका राय,स्तुति चौरसिया,साक्षी सिंह,सेजल बघेल,शिवांगी द्विवेदी,रूपाली सिंह,सुष्मिता पटेल,कृतिका बंजारे,शकुंतला खुसराम,सलोनी उइके,संतोषी मरावी एवं सुनीता प्रजापति ने किसानों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करते हुए वैज्ञानिक कृषि तकनीकों का प्रसार किया तथा वृक्षारोपण अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई। छात्राओं ने प्राकृतिक खेती,मृदा संरक्षण और पर्यावरण संतुलन में वृक्षों की महत्ता पर भी किसानों को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की सफलता पर एकेएस विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर इंजी.अनंत कुमार सोनी,कुलगुरु डॉ.बी.ए.चोपाड़े,कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के डीन डॉ.ए.के.भौमिक तथा कृषि विभाग के समस्त प्राध्यापकों ने छात्राओं एवं आयोजन दल को बधाई देते हुए कहा कि रावे कार्यक्रम कृषि विद्यार्थियों में व्यवहारिक दक्षता विकसित करने के साथ-साथ किसानों तक वैज्ञानिक कृषि तकनीकों के प्रभावी प्रसार का सशक्त माध्यम है। ऐसे कार्यक्रम प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने,पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने तथा कृषि को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## 47 किलो चोरी के कॉपर तार के साथ चार आरोपी गिरफ्तार



**मैहर।** मैहर पुलिस ने कॉपर तार चोरी करने वाले एक सक्रिय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का 47 किलोग्राम कॉपर तार और वारदात में इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। जब्त किए गए कॉपर तार की अनुमानित कीमत 60 हजार रुपये और दोनों बाइकों की कीमत करीब दो लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार,3 और 4जुलाई 2026 की दरमियानी रात राजकमल बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के कैंप में खड़ी एक शॉर्टकट मशीन से अज्ञात चोरों ने कॉपर केबल काट ली थी। कंपनी की शिकायत पर थाना कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। एसपी अवधेश प्रताप सिंह,एएसपी डॉ.चंचल नागर और सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कोतवाली प्रभारी संतोष उलांडी और उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उन्होंने चोरी का तार एक कबाड़ी को बेच दिया था। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर कबाड़ी से 47 किलो तार बरामद कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में पंकज साकेत (20वर्ष),करण साकेत (19वर्ष),सचिन साकेत (19वर्ष) निवासी सोनवारी और पुरानी बस्ती किला चौक निवासी संजू उर्फ अरविंद सिंह (55 वर्ष) शामिल हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।


## मैहर के उदयपुर वार्ड में प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली का आरोप, अपात्र को लाभ देने पर उठे सवाल

मैहर।

मैहर नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-2,उदयपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों के चयन को लेकर स्थानीय निवासियों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। रहवासियों का आरोप है कि धरातल पर नियमों की अनदेखी की जा रही है और वास्तविक जरूरतमंदों को छोड़कर समृद्ध लोगों को इस योजना का लाभ पहुंचाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वार्ड में एक ऐसे व्यक्ति को योजना के लिए पात्र घोषित कर दिया गया है जिसके पास पहले से ही कथित रूप से एक पक्का मकान मौजूद है। इस विसंगति को लेकर नागरिकों ने सर्वे प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए हैं।लोगों का पूछना है कि जब सर्वे के दौरान वार्ड प्रभारी और संबंधित अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया था,तो क्या उन्हें वह पक्का मकान दिखाई नहीं दिया? अगर अधिकारियों को इसकी जानकारी थी,तो फिर उस व्यक्ति को पात्रता सूची में कैसे शामिल किया गया? रहवासियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि एक तरफ कई गरीब और बेघर परिवार आज भी इस योजना के लाभ से वंचित होकर दयनीय स्थिति में रह रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ अपात्रों को लाभ दिया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए,पात्रता सूची का पुनः भौतिक सत्यापन हो और भ्रष्टाचार व अनियमितता बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

## खबर संक्षेप

### गांधी चौक पर नाबालिग से कथित मारपीट, घंटों तमाशा देखता रहा सिस्टम



**अमानगंज।** नगर के सबसे व्यस्त गांधी चौक पर दिनदहाड़े एक नाबालिग बालक के साथ कथित मारपीट की घटना ने कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जमीन संबंधी विवाद के चलते तीन युवतियों, एक महिला और एक पुरुष ने बालक के साथ सरेआम हाथापाई की। आरोप है कि उसके साथ लात-घूंसों और चप्पलों से मारपीट की गई, जबकि आसपास भारी भीड़ जमा रही। स्थानीय लोगों का दावा है कि घटना काफी देर तक चलती रही, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। नगर के सबसे संवेदनशील चौराहे पर हंगामा होता रहा और कानून व्यवस्था मानो मूकदर्शक बनी रही। लोगों का कहना है कि यदि मुख्य बाजार में भी आम नागरिक सुरक्षित नहीं हैं, तो फिर सुरक्षा व्यवस्था पर भरोसा कैसे किया जाए? प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार राहगीरों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन विवाद बढ़ता गया। घटना का वीडियो भी क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस घटना के बाद लोगों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर नाराजगी है। नागरिकों का कहना है कि समय पर पुलिस पहुंचती तो स्थिति बिगड़ने से रोकी जा सकती थी। लोगों ने दोषियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। यदि प्रत्यक्षदर्शियों के दावे सही हैं, तो यह घटना केवल एक मारपीट का मामला नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्थानों पर कानून व्यवस्था की प्रभावशीलता पर भी बड़ा प्रश्नचिह्न है। अब निगाहें इस बात पर हैं कि पुलिस इस मामले में क्या कार्रवाई करती है और दोषियों पर कब तक कानूनी शिकंजा कसती है।

### कुआं में मिला मासूम का शव



**पन्ना।** जिले के शाहनगर थाना अंतर्गत ग्राम चोपरा में एक कुएं में 7 वर्ष के मासूम बालक का 12 जुलाई को शव बरामद हुआ है जानकारी के अनुसार मृतक बालक आकाश सिंह रात्रि के समय अचानक लापता हो गया था जिसे सब जगह परपरिजनों ने दूंढा लेकिन वह नहीं मिला सुबह उसका सब कुआं में तैरते हुए पाया गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर पंचनामा बनाया तथा पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना की जा रही है।

### विस्थापन पुनर्वास पैकेज बढ़ना कांग्रेस के संघर्ष की जीत- अनीश खान



**पन्ना।** केन-बेतवा लिंक तथा रुंज/मजगांय सिंचाई परियोजनाओं से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास पैकेज में वृद्धि को कांग्रेस ने अपनी संघर्ष की जीत बताया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान ने जारी किए गए प्रेस वक्तव्य में कहा कि पहले 5 लाख रुपए दिए जाने वाले विस्थापन मुआवजे को बढ़ाकर अब 12.30 लाख रुपए कर दिया गया है। अनीश खान ने कहा कि इन परियोजनाओं के कारण दर्जनों गरीब किसान, आदिवासी और ग्रामीणों ने अपना गांव, जल, जंगल, जमीन, आजीविका और बच्चों की पढ़ाई तक खो दी है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी, उसके कार्यकर्ता और नेता प्रभावितों के साथ लगातार उनके अधिकारों के लिए संघर्षरत रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप यह मुआवजा वृद्धि संभव हो सकी। उन्होंने कहा कि केनदृबेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों के पक्ष में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भी मौके पर पहुंचकर समर्थन दे चुके हैं। अनीश खान ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में गरीबों के हक की आवाज उठाने वाले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के विरुद्ध फर्जी प्रकरण दर्ज कराए गए हैं, फिर भी पार्टी और कार्यकर्ता इन फर्जी मुकदमों से डरने वाले नहीं हैं और उनका आंदोलन जारी रहेगा। अनीश खान ने यह भी कहा कि विस्थापन के बाद हजारों बच्चे स्कूलों से वंचित हो गए हैं क्योंकि गांवों के विद्यालय बंद हो गए हैं और इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई है। उन्होंने बताया कि शासन-प्रशासन द्वारा विस्थापितों के लिए आवास, शिक्षा और रोजगार के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं, और इसी अन्याय के खिलाफ कांग्रेस जमीनी स्तर पर लड़ाई जारी रखेगी। वक्तव्य के अंत में श्री खान ने कहा कि भाजपा को सिर्फ राजनीति की नौटंकी आती है, जबकि कांग्रेस जनसेवा के उद्देश्य से राजनीतिक कार्य करती है।

# शिक्षक जो राष्ट्र के निर्माता है इन्हें अपनी ही परीक्षा देनी पड़ रही

सरकार राजनीति के चलते जिन्होंने स्वयं शिक्षकों को सेवा में रखा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद आखिर सरकार शिक्षकों को लेकर परीक्षा ही दिलाने के लिये उचित मान रही जिनकी सेवायें 25 वर्ष बीत चुके इन्हें अब परीक्षा देकर शासकीय सेवा के लिये अपनी योग्यता परीक्षा पास करने के लिये साबित करनी होगी आखिर हालात अब शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों के सम्मान से जुड़ा अहम सवाल है आखिरकार जिन सरकारों ने शासकीय सेवा में रखा इन पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय की सोच क्या?



**पन्ना।**

समूचे म0प्र0 में जहां टीईटी परीक्षा पास करने के लिये शिक्षकों के सामने संकट के हालात अपनी शासकीय सेवा में बने रहने को लेकर बने हुये है। गौरतलब बात यह है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने शिक्षकों को टीईटी परीक्षा पास करने के लिये जो अपना निर्णय दिया वहीं म0प्र0 की सरकार जहां शिक्षकों को लेकर स्वयं सरकार के निर्णय को उचित मान रही है जबकि सरकार के द्वारा ही इन सभी शिक्षकों को उनकी योग्यता का आंक्कलन करने के बाद शासकीय सेवा में रखा नीति निर्धारण सरकार के द्वारा किया जाता है जब सरकारों ने शिक्षकों को पदस्थ किया अब शिक्षक कहां जिम्मेदार। सवाल नं0 -2 आखिरकार शासकीय सेवा में आने का समय शिक्षा पास करने के बाद जब शासकीय सेवा में चयनित करने के लिये सरकार मापदण्ड तय करती है तभी नियुक्ति होती है सरकार के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को पदस्थ किया गया नियक्ति पत्र देकर फिर यहां शिक्षकों की परीक्षा के हालात माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद सरकार अपना पक्ष कहीं न कहीं माननीय न्यायालय के साथ उचित मान रही है जबकि ये सभी शासकीय शिक्षक जो राष्ट्र के निर्माता है जिनका सम्मान हमारी संस्कृति में बेजोड़ माना जाता है शिक्षक ही भविष्य का निर्माण तय करते है शिक्षकों का नाम सम्मान से जुड़ा हुआ है वहीं सवाल नं0-3 जिनकी शासकीय सेवा में लगभग 20-25 वर्ष बीतने को चले अब इनहें टीईटी परीक्षा पास करना माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा निर्णय आखिरकार पढ़ने और परीक्षा की एक उम्र होती है वहीं जब शिक्षकों के ऊपर पारिवारिक जिम्मेदारियां वहीं दूसरी तरफ अब पढने का वक्त किस तरह से तय होगा। साथ ही जिनके अनुभव स्वयं ही अपने विषय में पढाते-पढाते कहीं न कहीं महत्वपूर्ण हो जाते है आज उन्हें अपनी योग्यता साबित करने के लिये उचित माना जा रहा है। आखिर शासकीय सेवा में रखे जाने के समय सरकार की तरफ से यह नियम तो नहीं था वहीं शिक्षा का अधिकार अधिनियम भी 2009-10 के बाद कानून बनाने की बात जो सामने आई है यह नियम पिछले समय से 2004 व 2003 से प्रभावशील करने के लिये उचित माना जा रहा है सरकारें अपनी चुप्पी को लेकर भी जानी जा रही है आखिरकार प्रदेश हो या देश शिक्षकों को लेकर जिस तरह से हालात चल पड़े है यह कहीं न कहीं हमारी संस्कृति व शिक्षकों के सम्मान को लेकर बेहद गंभीर सवाल है। वहीं शिक्षकों के साथ उनके परिवार जुड़े हुये है जो शाकसीय सेवा की नौकरी पर ही निर्भर है आखिरकार इस उम्र में जहां लगभग 40 से 50 के उम्र का पड़ाव माना जा रहा है इन हालातों में अगर शासकीय सेवा से छुट्टी हुई तो फिर उनके परिवार का गुजारा कैसे होगा वहीं टीईटी परीक्षा आखिरकार इसके लिये नियम कब बना और लागू कबसे होना चाहिये सरकारें इस पर मौन क्यों? शिक्षकों के सम्मान को लेकर सरकारों की चुप्पी कहीं न कहीं राष्ट्र क निर्माता के सम्मान से जुड़ा हुआ मामला चर्चा में बना हुआ है। आखिर यह कैसी दास्तां जहां सरकारों ने शासकीय सेवा में रखते वक्त यह परीक्षा पास करने के लिये मध्य में पड़ाव क्यों नहीं तय किया था अब क्यों? चर्चा का विषय हालात शिक्षकों के सम्मान से जुड़ा हुआ मामला।




## आगजनी पीड़ित परिवार की मदद को आगे आया लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन, 48,040 की आर्थिक सहायता प्रदान’

**अजयगढ़।** मानवता और सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए ’लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन, पन्ना’ ने आगजनी से प्रभावित परिवार की सहायता के लिए जनसहयोग से एकत्रित 48,040’ की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। अजयगढ़ विकासखंड के ग्राम ’पयारी’ निवासी ’शिवशंकर लोधी (उर्फ बेटा भैया)’ के परिवार को हाल ही में हुई भीषण आगजनी की घटना में लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ था। इस दुखद घटना की जानकारी मिलते ही फाउंडेशन ने सामाजिक सहयोग अभियान चलाकर राशि एकत्रित की और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता सौंपी। इस अवसर पर फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं सर्व समाज के गणमान्य नागरिकों ने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में पूरा समाज उनके साथ खड़ा है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह सहयोग परिवार को कठिन परिस्थितियों से उबरने में संबल प्रदान करेगा।कार्यक्रम में लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष ’राजेश सिंह लोधी, ’’राजू नेताजी पायरी, भाजपा जिला मंत्री एवं सरपंच ’कौशल किशोर लोधी, भाजपा मंडल अध्यक्ष ’धीरेंद्र सिंह लोधी, शिक्षक एवं प्राचार्य ’विजयपाल सिंह लोधी, जिला कोषाध्यक्ष ’’दिनेश कुमार लोधी, जिला मीडिया प्रभारी ’राजेंद्र लोधी, जिला संगठन मंत्री ’नंदकिशोर लोधी, ’’योगेश लोधी, अजयगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष ’’रामसिंह लोधी, ब्लॉक सचिव ’रामकृष्ण सिंह लोधी, ब्लॉक सह सचिव ’रामबहोरी सिंह लोधी, स्वयंसेवक ’’इंदल सिंह लोधी, ’’योगेश सिंह लोधी’ सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। संकट की घड़ी में बढ़ा मदद का हाथ ही मानवता की सबसे बड़ी पहचान है।

## अमानगंज अस्पताल की बदहाली पर कांग्रेस का बड़ा हमला, 14 जुलाई को कांग्रेस करेगी प्रदर्शन, गांधी चौक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक निकाली जाएगी यात्रा

**अमानगंज।** नगर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमानगंज ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कथित बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। थाना परिसर के सामने स्थित जटाशंकर रेस्टोरेंट में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नगर कांग्रेस अध्यक्ष वसीम खान और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ दुबे ने संयुक्त रूप से सरकार और स्वास्थ्य विभाग पर तीखे आरोप लगाते हुए कहा कि अमानगंज का सरकारी अस्पताल आम लोगों को बेहतर इलाज देने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। प्रेस वार्ता में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम भगत सोनी, धूराम चौधरी सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नेताओं ने आरोप लगाया कि अस्पताल में वर्षों से मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। 108 एंबुलेंस सेवा, शव वाहन, विशेषज्ञ चिकित्सकों और आवश्यक संसाधनों की कमी के कारण मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। उनका कहना था कि गंभीर मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद पन्ना या अन्य स्थानों के लिए रेफर कर दिया जाता है, जिससे कई बार मरीजों की जान पर बन आती है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष वसीम खान ने आरोप लगाया कि अस्पताल में लाखों रुपये की लागत से स्थापित एक्स-रे मशीन होने के बावजूद विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण उसका समुचित लाभ मरीजों को नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि हड्डी रोग विशेषज्ञ नहीं होने से सामान्य फ्रैक्चर के मरीजों तक को दूसरे शहरों का रुख करना



पड़ता है। वहीं प्रसव पीड़ा से अस्पताल पहुंचने वाली महिलाओं को भी पर्याप्त सुविधाएं न मिलने के कारण रेफर किए जाने का आरोप लगाया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ दुबे ने कहा कि बरसात का मौसम शुरू होते ही क्षेत्र में जहरीले सांपों के काटने और आवारा कुत्तों के हमलों की घटनाएं बढ़ जाती हैं, लेकिन अस्पताल में एंटी-स्नेक वेनम और एंटी-रेबीज जैसी जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता पर भी गंभीर सवाल खड़े हैं। उनका कहना था कि ग्रामीण अंचल की बड़ी आबादी इसी अस्पताल पर निर्भर है, लेकिन यहां आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं तक सुनिश्चित नहीं हैं। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और सरकार की उदासीनता का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायतों और मांगों के बावजूद व्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं हुआ, जिसके चलते अब जनता की आवाज बुलंद करने के लिए सड़क पर उतरना मजबूरी बन गई है। इसी क्रम में नगर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमानगंज के संयुक्त तत्वावधान में 14 जुलाई को दोपहर 3 बजे गांधी चौक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज तक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल की सांकेतिक शव यात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं के अनुसार इस आंदोलन में जिला कांग्रेस प्रभारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में कांग्रेस नेताओं ने क्षेत्र की जनता से आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि यह लड़ाई किसी राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि अमानगंज की जनता के बेहतर स्वास्थ्य अधिकार की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि जब तक अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टर, एंबुलेंस, शव वाहन, दवाइयां और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जातीं, तब तक कांग्रेस का संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

## गुनौर के सुगरहा समिति में लगभग 3 साल से खाद बंद, गोदाम खाली और मशीन ठप, किसान परेशान वरिष्ठ अधिकारियों को कई बार दी जा चुकी है लिखित सूचना, फिर भी समस्या जस की तस

### गुनौर मर्यादित बैंक शाखा के अंतर्गत आने वाले सैकड़ों किसानों में भारी आक्रोश

**गुनौर।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिला अंतर्गत सहकारी समिति मर्यादित बैंक शाखा गुनौर के तहत आने वाली सुगरहा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में पिछले तीन साल से खाद की भारी किल्लत बनी हुई है। रबी और खरीफ दोनों ही मुख्य खेती के सीजनों में यहाँ के किसानों को खाद की एक-एक बोरी के लिए दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि समिति परिसर में खाद के सुरक्षित भंडारण और सुचारू वितरण के लिए सर्वसुविधायुक्त गोदाम मौजूद है, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण पिछले लगभग 36 महीनों से इस गोदाम पर ताला लटका है।

### मशीन डीएक्टिवेट होने से रुका आवंटन

समिति प्रबंधन से मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार, शासन द्वारा डिजिटल खाद वितरण के लिए प्रदान की गई पीओएस मशीन पिछले तीन वर्षों से डीएक्टिवेट (निष्क्रिय) पड़ी है। तकनीकी गड़बड़ी और विभाग द्वारा इसे दोबारा चालू (एक्टिवेट) न किए जाने के कारण, सुगरहा समिति को शासन स्तर से खाद का आवंटन ही नहीं किया जा रहा है। समिति प्रबंधन का कहना है कि जब तक मशीन चालू नहीं होगी, तब तक खाद का ऑनलाइन स्टॉक दर्ज होना और किसानों को वितरण करना तकनीकी रूप से असंभव है।




### सभी वरिष्ठ अधिकारियों को दी जा चुकी है सूचना, पर कार्रवाई शून्य

मामले में सबसे गंभीर बात यह है कि इस गंभीर तकनीकी खामी और किसानों की परेशानी को लेकर जिला मुख्यालय पन्ना के सभी वरिष्ठ प्रशासनिक और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को लिखित व मौखिक रूप से कई बार अवगत कराया जा चुका है। जिला सहकारी बैंक के प्रबंधकों से लेकर सहकारिता विभाग के आला अफसरों तक फाइलें भेजी जा चुकी हैं, लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद भी किसी जिम्मेदार अधिकारी ने इस पीओएस मशीन को सुधरवाने या बदलने की जहमत नहीं उठाई। अधिकारियों की यह अनदेखी सीधे तौर पर किसानों के हितों के साथ खिलवाड़ कर रही है।

### खुले बाजार में लूटने को मजबूर अन्नदाता

सहकारी समिति से रियायती और उचित दरों पर खाद न मिलने के कारण सुगरहा और आसपास के क्षेत्रों के किसानों को मजबूरी में निजी डीलरों और खुले बाजार का रुख करना पड़ रहा है। जहाँ किसानों से यूरिया और डीएपी के लिए निर्धारित दर से कहीं अधिक दाम वसूले जा रहे हैं। इससे न केवल किसानों की खेती की लागत दोगुनी हो रही है, बल्कि बाजार में मिलने वाली खाद की गुणवत्ता को लेकर भी हमेशा संशय बना रहता है। छोटे और सीमांत किसान इस अतिरिक्त आर्थिक बोझ के नीचे पूरी तरह दब चुके हैं।

### किसानों की दोटूक, अब आर-पार की लड़ाई

गुनौर क्षेत्र के पीड़ित किसानों का धैर्य अब पूरी तरह जवाब दे चुका है। किसानों ने जिला प्रशासन और सहकारिता विभाग को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि आगामी बोआई सीजन से पहले सुगरहा समिति की पीओएस मशीन को तत्काल एक्टिवेट करवाकर खाद का भंडारण शुरू नहीं कराया गया, तो क्षेत्र का अन्नदाता सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा। किसानों ने उग्र आंदोलन, चक्काजाम और कलेक्ट्रेट घेराव की रणनीति तैयार कर ली है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

## पुरानी भागवत पुराण और हस्तलिखित गीता को तीन पीढियों से सहेजे है इटवा खास का पटेरिया परिवार



**पन्ना।** ८

भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय के द्वारा संचालित ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत भारत की हस्तलिखित विरासत का सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संरक्षण, डिजिटलीकरण किया जा रहा है। जो फ्लैगशिप मिशन है। मध्य प्रदेश का संस्कृति विभाग इस मिशन का नोडल विभाग है। संस्कृति विभाग द्वारा पूरे मध्य प्रदेश में प्रत्येक जिले में ज्ञान भारतम हेतु हस्तलिखित पांडुलिपियों का सर्वे हेतु अभियान चलाया गया। पन्ना जिले में भी कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार द्वारा इस मिशन हेतु समिति बनाई गई, जिसका नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी को बनाया गया। इस समिति के सदस्य आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय और धर्मार्थ शाखा प्रभारी मनोज पाण्डेय ने पांडुलिपियों की खोज में पन्ना तहसील के ग्राम इटवा खास स्थित अजीत पटेरिया के घर पहुंचे। अरुण पटेरिया ने बताया कि उनके स्वर्गीय दादा जी ठाकुर प्रसाद पटेरिया श्रीमद भागवत पुराण के विद्वान थे। उन्हीं के समय की श्रीमद भागवत पुराण ग्रन्थ रखी हुई है। पुस्तक में लिखे अनुसार संवत 1942 यानी सन 1884 का है, जो लगभग 142 वर्ष पुराना ग्रन्थ है। ठाकुर प्रसाद पटेरिया द्वारा हस्तलिखित गीता और श्रीमद भागवत पुराण आज उनके प्रपौत्र अजीत पटेरिया द्वारा न केवल सहेजा गया है, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में श्रीमद भागवत पुराण कथा का आयोजन होने पर इस ग्रन्थ को दर्शनार्थ रखा जाता है। कई बार श्री जुगलकिशोर मंदिर पन्ना में भी इसे रखा गया । अब इस ग्रन्थ को पढ़ने वाले लोग नहीं पढ़े। पंडित बृज बिहारी मिश्रा इसका पाठ करने वाले ही बचे है। इस भागवत ग्रन्थ और गीता को स्कैन कर ज्ञान भारतम मोबाइल एप पर अपलोड किया गया। इस दौरान सहयोग में सचिन मिश्रा, आदित्य नायक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अयोध्या राम मंदिर चोरी और हनुमान स्वरूप के कथित अपमान के विरोध में कल युवा शिवसेना करेगी पुतला दहन

छतरपुर। युवा शिवसेना की नगर इकाई ने 14 जुलाई को केंद्र सरकार एवं भाजपा नेता नितिन नबीन का पुतला दहन करने की घोषणा की है। यह जानकारी जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई। संगठन के अनुसार यह प्रदर्शन अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में हुई चोरी की घटना तथा उत्तर प्रदेश में आयोजित एक रोड शो के दौरान हनुमान जी के स्वरूप के कथित अपमान के विरोध में किया जाएगा।

प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि यह कार्यक्रम शिवसेना जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है। युवा शिवसेना का आरोप है कि रोड शो के दौरान एक व्यक्ति को हनुमान जी का स्वरूप बनाकर भाजपा का झंडा पकड़ाया गया और उसे रथ के आगे चलाया गया, जिससे सनातन धर्म के अनुयायियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। संगठन का कहना है कि इस मामले में पूर्व में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। युवा शिवसेना ने अपने बयान में आरोप लगाया कि राम मंदिर में चोरी और धार्मिक प्रतीकों के कथित अपमान के मामलों में उचित कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। संगठन ने इसे लेकर विरोध प्रदर्शन करने और संबंधित मामलों में कार्रवाई की मांग दोहराई है। साथ ही सनातन धर्म के अनुयायियों से आंदोलन में शामिल होकर अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने की अपील की गई है।

### आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपितों को भेजा जेल

**उमरियापान।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बार बरेली गांव में प्रौढ़ की मौत के मामले में उमरियापान पुलिस ने सुसाइड नोट और प्रारंभिक जांच के आधार पर छह लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। शुक्रवार को सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक बार बरेली निवासी शोहबत चक्रवर्ती (56) का शव बुधवार रात फंदे से लटका मिला था। मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ। घटना के बाद गुरुवार को परिजनों ने शव को उमरियापान के आजाद चौक पर रखकर चक्काजाम किया था। परिजनों का आरोप था कि 2 जुलाई को जमीन विवाद को लेकर परिवार के ही कुछ लोगों ने शोहबत चक्रवर्ती के साथ मारपीट की थी। इसकी शिकायत उमरियापान थाने में की गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से वे मानसिक रूप से परेशान थे। थाना प्रभारी महेंद्र जायसवाल ने बताया कि सुसाइड नोट और प्रारंभिक जांच के आधार पर जगन्नाथ चक्रवर्ती, रामनाथ चक्रवर्ती, बैजनाथ चक्रवर्ती, जगदीश चक्रवर्ती तथा दो महिलाओं के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### कार चालक ने मारी टक्कर, कई घायल

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम पौसरा पुलिया के पास कार क्रमांक MP 20 CC 6805 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से आ रहे वाहन को टक्कर मार दी, जिससे घटना स्थल पर चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में लोगों को चोटें आई हैं। कोतवाली पुलिस ने कार चालक के खिलाफ धारा 125(ए) और 281 बीएनएस के तहत केस दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### जिले में अब तक 197.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 11 जुलाई तक कुल 197.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्यत अवधि के दौरान जिले में 470.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान स्लीअमनाबाद तहसील में रिकार्ड 623.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 367.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है।

# एमडीएम के नाम पर जिले के सरकारी स्कूलों में चल रही खानापूर्ति

## कमीशनखोरी के चलते नौनिहाल बच्चों के मुंह का छीना जा रहा निवाला

छतरपुर।

जुलाई का महीना शुरू हो चुका है और सरकारी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढाने के लिए एमडीएम भी चालू कर दिया गया है। लेकिन एमडीएम के नाम पर जिले के सरकारी प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में केवल खानापूर्ति चल रही है। कमीशनखोरी के चलते बच्चों के मुंह का निवाला छीना जा रहा है। शासन द्वारा एमडीएम योजना में जो मीनू निर्धारित है वह मीनू पूरी तरह से गायब है। इसलिए बच्चों को कोई पोष्टिक आहार भोजन में नही मिल रहा है। शहरी क्षेत्र के स्कूलों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में एमडीएम की हालत सबसे ज्यादा खराब है। बच्चों की थाली में सब्जी के नाम पर आलू के दो टुकड़े और हल्दी मिला हुआ पानी के साथ जली भूजी दो रोटियां दिखाई देती है। जबकि शासन द्वारा पोषण आहार योजना के उद्देश्य से बच्चों को पोष्टिक एवं गुणवत्ता पूर्ण भोजन उपलब्ध कराने हेतु एमडीएम योजना लागू की गई थी, लेकिन कमीशनखोरी की प्रथा के चलते स्वसहायता समूहों द्वारा एमडीएम की औपचारिकता पूरी की जा रही है। किसी भी स्कूल में मीनू का पालन नहीं किया जाता है, जबकि शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि स्कूलों मे पहुंचकर एमडीएम का निरीक्षण करें और साथ ही उसके स्वाद को भी चखें, लेकिन स्वाद चखने



की बात तो दूर है कोई एमडीएम का निरीक्षण करने भी शायद नहीं जाता है। जिस कारण स्वसहायता समूहों की मनमानी चल रही है और यही कारण है कि बच्चों की रूचि एमडीएम के प्रति नही रह गई है। सरकारी स्कूलों में पढने वाले 75 प्रतिशत बच्चे अपने घर से लंच बॉक्स लाते है उन्हें एमडीएम में मिलने वाला भोजन पंसद नहीं है। इन दिनों बारिश हो जाने के कारण हरी सब्जियां महंगी हो गई है इसलिए समूह संचालक हरी सब्जी के बच्चों को दर्शन भी नहीं करा रहे है। इसमें समूहों की गलती नही है, क्योंकि समूह संचालक को भी स्कूल के शिक्षक से लेकर जनपद और जिला पंचायत के बाबुओं तक कमीशन देना पड़ता, उसके आरोप आय दिन लगते रहते है, यदि कमीशन नहीं देते है तो उनका भुगतान नहीं किया जाता है और ना ही स्कूलों से हाजिरी का फर्जी प्रमाण पत्र दिया जाता है। चूँकि सरकारी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति कम रहती है, लेकिन समूह संचालक स्कूल के प्रभारी शिक्षक से संपर्क करके 90 प्रतिशत छात्रों की हाजिरी प्राप्त करके भुगतान में फर्जीवाड़ा करते है। जनपद शिक्षा केन्द्रों की ओर से नियुक्ति सीएसी की जिम्मेदारी है कि वह स्कूलों में जाकर माध्यान भोजन चेक करें, लेकिन सीएसी भी स्कूलों में नहीं पहुंच रहे है। जिससे समूह संचालकों की मनमानी चल रही है और खुलेआम बच्चों के मुंह का निवाला छीनकर अपना पेट भर रहे है।

### इनका कहना है -

बैसे तो एमडीएम की जिम्मेदारी जिला पंचायत की होती है, लेकिन जब शिकायतें मिलती है तो हम निरीक्षण के लिए टीम भेज देते है और टीम जो रिपोर्ट देती है। उसी के आधार पर रिपोर्ट तैयार करके जिला पंचायत सीईओ को भेज देते है। क्योंकि समूह को हटाने का अधिकार जिला पंचायत सीईओ को है।

**अरूण शंकर पाण्डेय**
डीपीसी छतरपुर

# रास्ते के विवाद में युवतियों से मारपीट, पांच लोगों पर लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप

**मारपीट के बाद जिला अस्पताल पहुंचीं बहनें, पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का लगाया आरोप**

**छतरपुर।** जिले भगवा थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया में रास्ते और जमीन के पुराने विवाद को लेकर दो युवतियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घायल बहनों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद पुलिस आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही है।




घायल राजकुमारी अहिरवार ने बताया कि गांव में रास्ते और जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। शनिवार शाम करीब 4 बजे वह अपनी बहन अनामिका अहिरवार के साथ थी, तभी गांव के रामेश्वर राजपूत, कुरका राजपूत, राघवेन्द्र राजपूत, प्रेमी राजपूत और दया राजपूत ने कथित रूप से लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में दोनों बहनों को चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

पीड़िता का कहना है कि इस विवाद की शिकायत पहले भी कई बार भगवा थाने में की जा चुकी है, लेकिन पुलिस केवल एनसीआर दर्ज कर मामले को टाल देती है। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**ट्रैक्टर-ट्रॉली लेने बुलाया, भुगतान विवाद में युवक से लाठी-डंडों से मारपीट**

# एनसीआर के बाद भड़का विवाद, ट्रैक्टर-ट्रॉली के पैसे को लेकर हमला, जिला अस्पताल में भर्ती



**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉली के भुगतान को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। रविवार दोपहर करीब 1 बजे श्रीराम कॉलोनी, सटई रोड निवासी भजन लाल यादव (40) के साथ कथित रूप से लाठी-डंडों से मारपीट की गई। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीड़ित भजन लाल यादव ने आरोप लगाया कि उसने ट्रैक्टर-ट्रॉली बनवाने के लिए करीब 1 लाख 30 हजार रुपये जमा किए थे। आरोप है कि अनिल यादव और पूरन यादव ने उसे ट्रॉली ले जाने के बहाने बुलाया। जब वह वहां पहुंचा तो दोनों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

भजन लाल का कहना है कि इस मामले की शिकायत वह पहले ही सिविल लाइन थाने में कर चुका था, जहां पुलिस ने एनसीआर दर्ज की थी। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने उस पर हमला किया। मारपीट में उसके हाथ और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलने पर घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है।

# सेवा सप्ताह के अंतर्गत ग्राम सौरा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**छतरपुर।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल, प्रखण्ड छतरपुर द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत ग्राम सौरा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला अस्पताल छतरपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सैकड़ों ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया तथा निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया।

आयोजित शिविर का ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक लाभ उठाया और विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के इस जनसेवा अभियान की सराहना की। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना, जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सेवा और समर्पण की भावना को सुदृढ़ करना रहा।

# पॉलीथिन में रखी साड़ी निकालते समय बुजुर्ग महिला को जहरीले सांप ने डसा, जिला अस्पताल में भर्ती

**छतरपुर।** जिले के खजुराहो थाना क्षेत्र अंतर्गत बहरापुरवा गांव में रविवार को एक बुजुर्ग महिला जहरीले सर्प के डसने से घायल हो गई। घटना उस समय हुई जब महिला घर में रखी पॉलीथिन से साड़ी निकाल रही थी। साड़ी के साथ छिपा जहरीला सांप अचानक बाहर निकला और उसने महिला की उंगली पर डस लिया। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और उन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।



जानकारी के अनुसार, 60 वर्षीय श्याम बाई पाल घर के कामकाज के दौरान पॉलीथिन में रखी साड़ी निकालने गई थीं। जैसे ही उन्होंने हाथ अंदर डाला, वहां छिपे जहरीले सर्प ने उनकी उंगली पर हमला कर दिया। महिला के पोते सोनू पाल ने बताया कि दादी को सांप के छिपे होने का कोई अंदाजा नहीं था और अनजाने में उसके संपर्क में आने पर यह हादसा हो गया।

जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने महिला का तत्काल उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार समय पर अस्पताल पहुंच जाने से उनकी हालत फिलहाल स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं। चिकित्सकों ने बारिश के मौसम में घरों में रखे सामान, कपड़ों और पॉलीथिन में हाथ डालने से पहले सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# नहर किनारे मिला सपेरे का शव, मौत के कारणों की जांच में जुटी पुलिस

छतरपुर।

जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जैतूपुरा गांव के पास नहर किनारे स्थित एक खेत में एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।



मृतक की पहचान जैतूपुरा निवासी सपेरा देवीनाथ के रूप में हुई है। मृतक के भतीजे भूपेन्द्र, निवासी जरूआ थाना जतारा, ने बताया कि उनके चाचा देवीनाथ जैतूपुरा में रहते थे। उनका शव नहर के पास स्थित खेत में पड़ा मिला। परिवार को अभी तक यह जानकारी नहीं है कि उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

# शुभ अवसरों पर लगाएं एक पौधा, तभी सुरक्षित रहेगा भविष्य



**पूर्व एसडीएम ने अपने पुत्रों के जन्मदिन पर किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश।**

**नौगांव।** पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में राष्ट्रीय चेतना विकास मंच के संयोजक एवं पूर्व सीएमओ डी.डी. तिवारी की पहल पर रविवार को बिलहरी रोड स्थित मां गायत्री मंदिर परिसर में सामाजिक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जन्मदिन जैसे शुभ अवसर को प्रकृति के नाम समर्पित करते हुए फलदार पौधे लगाए गए और लोगों से भी इसी परंपरा को अपनाने की अपील की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व एसडीएम के.एल. अहिरवार ने अपने पुत्र राजेंद्र एवं विनोद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आम और आंवला के पौधे रोपे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर के पुजारी कालीचरण यादव ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि एल.एन. रावत ने अमरूद का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। समाजसेवी अजय सिंह चंदेल ने पौधरोपण से पूर्व मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर गड्ढे तैयार किए तथा पौधों को पानी देकर उनके संरक्षण में सहभागिता निभाई। पुजारी कालीचरण यादव ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का जिम्मा लिया।

चेतना मंच के संयोजक डी.डी. तिवारी ने कहा कि यदि प्रत्येक परिवार जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ और अन्य शुभ अवसरों पर कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे, तो आने वाले वर्षों में पर्यावरण संरक्षण का यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि पौधे केवल हरियाली नहीं बढ़ाते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, शुद्ध वातावरण और बेहतर जीवन का आधार भी प्रदान करते हैं।



# 115 मरीजों की जांच,15 मरीजों को मिलेगी रोशनी

**छतरपुर।** नगर अग्रवाल समाज एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा सिद्धपीठ माँ महालक्ष्मी मंदिर में रविवार को लगे निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 115 मरीजों की जांच की गई इनमें से 15 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया उन्हें शिविर के बाद चित्रकूट रवाना कर दिया गया।

जिला अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल ने बताया कि महालक्ष्मी मंदिर में रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, जानकीकुंड चित्रकूट के विशेषज्ञ डॉक्टर अरविंद मिश्रा के नेतृत्व में आई टीम ने 115 मरीजों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया। मरीजों को आवश्यक मार्गदर्शन के साथ निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिव चश्माघर परिवार द्वारा जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क चश्मा प्रदान किया गया। परीक्षण में मोतियाबिंद से पीड़ित मिले 15 मरीजों को शिविर के बाद ऑपरेशन हेतु निजी वाहन से चित्रकूट रवाना कर दिया गया। मरीजों के आने-जाने, भोजन एवं ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। शिविर का शुभारम्भ महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। गौरतलब है कि महालक्ष्मी मंदिर में हर महीने की 12 तारीख को यह निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया जाता है।

शिविर में अग्रवाल समाज के नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर दाऊ, हरिप्रकाश अग्रवाल, प्रकाश चंद्र गुप्ता, गंगा शरण अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, नवयुवक मंडल अध्यक्ष शिवम अग्रवाल (सानू), अभिषेक लालू गुप्ता, जगदीश अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, सौरभ (सनी) ने उपस्थित रह कर मरीजों का पंजीयन, नेत्र परीक्षण, चश्मा और दवा वितरण तथा खिचड़ी और भोजन प्रसाद वितरण में सहयोग प्रदान किया।

# आजाद चौक पर वाहन हटाने को लेकर विवाद,



**बस के कंडक्टर से मारपीट; आरोपी पर केस दर्ज**

**छतरपुर।** शहर के आजाद चौक के पास वाहन हटाने को लेकर हुए विवाद में गोल्डन बस के कंडक्टर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। पीड़ित की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, गोल्डन बस के कंडक्टर ब्रजकिशोर चंदपुरिया (45), निवासी सोरा, थाना ओरछा रोड, आजाद चौक के पास मौजूद थे। इसी दौरान वाहन हटाने की बात को लेकर उनका दुर्गेश साहू से विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपी ने कंडक्टर के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। सिविल लाइन थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय ने रविवार दोपहर मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# होटल के कमरे में दूसरी युवती के साथ मिला पति, पत्नी ने रंगे हाथ पकड़कर थाने पहुंचाया

**रीवा।** शहर के समान थाना क्षेत्र स्थित एक निजी होटल में रविवार को उस समय हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला, जब एक विवाहिता ने अपने पति को कथित रूप से दूसरी युवती के साथ होटल के कमरे में रंगे हाथ पकड़ लिया। घटना के बाद होटल परिसर से लेकर सड़क और फिर थाने तक काफी देर तक हंगामा होता रहा। जानकारी के अनुसार, समान थाना क्षेत्र स्थित निजी होटल पंगत के कमरा नंबर 108 में एक युवक के दूसरी युवती के साथ ठहरे होने की सूचना उसकी पत्नी को मिली थी। सूचना मिलते ही विवाहिता होटल पहुंच गई। कमरे का दरवाजा खुलते ही उसने अपने पति को दूसरी युवती के साथ देखा, जिसके बाद दोनों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद कुछ ही देर में उग्र हो गया। महिला ने होटल के कमरे में ही पति की पिटाई कर दी और थप्पड़ जड़ते हुए उसका कॉलर पकड़कर बाहर ले आई। इसके बाद वह पति को घसीटते हुए समान थाने पहुंची। होटल में अचानक हुए इस घटनाक्रम से अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग वहां एकत्र हो गए। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह 3 जुलाई 2025 को आकाश सिंह चौहान के साथ प्रेम विवाह के रूप में हुआ था। दोनों ने हाईकोर्ट में कोर्ट मैरिज की थी। महिला का आरोप है कि विवाह के शुरुआती दिनों में सब कुछ सामान्य था, लेकिन कुछ समय बाद उसका पति उसे छोड़कर अलग रहने लगा और उससे संपर्क भी समाप्त कर दिया। काफी तलाश के बाद उसे जानकारी मिली कि उसका पति एक अन्य युवती के साथ होटल में मौजूद है। इसी सूचना के आधार पर वह होटल पहुंची और दोनों को साथ देख लिया। वहीं दूसरी ओर पति ने पुलिस के समक्ष अलग पक्ष रखा। उसका कहना है कि वह अपनी पत्नी से जान का खतरा महसूस करता है। पति के अनुसार, पत्नी का व्यवहार आक्रामक है और उसे आशंका थी कि वह उसकी हत्या कर सकती है। इसी कारण वह उससे दूर रह रहा था। पति ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को लेकर भी पुलिस के समक्ष अपना पक्ष रखा। घटना के दौरान होटल में मौजूद लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन विवाद बढ़ता गया। बाद में दोनों पक्ष समान थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने दोनों के बयान दर्ज किए। प्रारंभिक पूछताछ में मामला पारिवारिक विवाद और वैवाहिक मतभेद का सामने आया है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल दोनों पक्षों को समझाइश दी गई है। यदि किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत प्रस्तुत की जाती है तो तथ्यों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



# लग्जरी कार से शराब तस्करी का पर्दाफाश, फोर्ड फीगो से 8 पेटी शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** जिले में अवैध मादक पदार्थों और शराब की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गुढ़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लग्जरी फोर्ड फीगो कार से शराब की तस्करी का खुलासा किया है। पुलिस ने घेराबंदी कर कार को पकड़ते हुए उसमें सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है। वाहन की तलाशी के दौरान डिक्की से आठ पेटी अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब एवं कार को जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई डीएसपी हिमाली पाठक के मार्गदर्शन एवं गुढ़ थाना प्रभारी पुष्पेंद्र यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक फोर्ड फीगो कार में अवैध शराब की खेप लेकर गुढ़ क्षेत्र से बाहर ले जाने की तैयारी में हैं। सूचना की गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर महसांव क्षेत्र के समीप घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान संदिग्ध फोर्ड फीगो कार को रोककर उसकी तलाशी ली गई। कार में सवार युवकों ने पूछताछ में अपनी पहचान अमन सिंह बघेल एवं रवि सिंह चौहान के रूप में बताई। तलाशी के दौरान वाहन की डिक्की से आठ पेटी शराब बरामद हुई, जिसके परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज आरोपी प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने मौके पर ही शराब की खेप जब्त कर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस आरोपियों से शराब की खरीद, आपूर्ति और संभावित नेटवर्क के संबंध में जानकारी जुटा रही है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि बरामद शराब किस स्थान से लाई गई थी तथा इसे किस क्षेत्र में खपाने की योजना थी। मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। गुढ़ थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करने के बाद आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



# लूट के मामले में फरार दो 5-5 हजार के इनामी आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना पुलिस ने लूट के एक चर्चित मामले में लंबे समय से फरार चल रहे दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार कर सफलता हासिल की है। दोनों आरोपियों पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5-5 रुपए हजार का इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रियासत में भेज दिया गया, कार्यवाही थाना प्रभारी रायपुर कर्चुलियान उपनिरीक्षक राजकुमार तिवारी एवं उनकी टीम द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार 8 मार्च 2026 को फरियादी राजेश पटेल (43) निवासी ग्राम बरोंहा थाना नईगढ़ी जिला मऊगंज, हाल निवासी वार्ड क्रमांक-15 नेहरू नगर थाना समान, रीवा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि राजेन्द्र पटेल, प्रियांशु पटेल एवं अन्य आरोपियों ने उसे धमकाकर भय का माहौल बनाया और उसके बैंक खाते से 1 लाख 38 हजार की राशि अपने खाते में ट्रांसफर करा ली। शिकायत के आधार पर थाना रायपुर कर्चुलियान में लूट सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान पुलिस ने मामले में शामिल आरोपी प्रियांशु पटेल और मुन्नू पटेल को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। वहीं मुख्य आरोपी राजेन्द्र पटेल और रावेन्द्र पटेल लगातार गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहे थे। दोनों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही थी, लेकिन



सफलता नहीं मिलने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों पर 5-5 हजार का इनाम घोषित किया गया था। लगातार की जा रही तलाश के दौरान रविवार को रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने फरार इनामी आरोपी राजेन्द्र पटेल (40) एवं रावेन्द्र पटेल (32), दोनों निवासी ग्राम गोरगांव-164, थाना रायपुर कर्चुलियान, जिला रीवा को गिरफ्तार कर लिया।

# सेवा पुस्तिका में कथित हेरफेर से दो साल बढ़ी नौकरी, ऑडिट की आपत्ति के बाद भी वर्षों तक दबी रही फाइल, उच्च स्तरीय जांच और अतिरिक्त भुगतान की ब्याज सहित वसूली की मांग

**रीवा।** रीवा नगर निगम एक बार फिर प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोपों को लेकर सुर्खियों में है। इस बार मामला एक कर्मचारी की सेवा पुस्तिका में कथित हेरफेर कर उसकी जन्मतिथि बदलने और लगभग दो वर्ष तक सेवा अवधि बढ़ाने का सामने आया है। इस कथित हेरफेर के कारण संबंधित कर्मचारी को अतिरिक्त अवधि तक वेतन, भत्ते और अन्य वित्तीय लाभ दिए गए, जिससे सरकारी खजाने को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। पूरे मामले में स्वतंत्र एवं उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है। सूत्रों के अनुसार, इस प्रकरण पर वर्ष 2019-20 की ऑडिट रिपोर्ट में भी आपत्ति दर्ज की गई थी। ऑडिट में सेवा पुस्तिका से जुड़े रिकॉर्ड और सेवा अवधि को लेकर सवाल उठाए गए थे तथा आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा भी की गई थी। इसके बावजूद संबंधित फाइल वर्षों तक कार्रवाई के बिना दबी रही। जिम्मेदार




अधिकारियों ने मामले को जानबूझकर लंबित रखा, जिससे कथित अनियमितता पर पर्दा पड़ा रहा। आरोप है कि सेवा पुस्तिका में जन्मतिथि में कथित बदलाव किए जाने से कर्मचारी की सेवानिवृत्ति निर्धारित समय पर नहीं हुई और वह लगभग दो वर्ष तक अतिरिक्त सेवा में बना रहा। इस दौरान उसे नियमित वेतन, महंगाई भत्ता तथा अन्य सेवा संबंधी सुविधाओं का लाभ मिलता रहा। सूत्रों का कहना है कि यदि आरोप सही साबित होते हैं तो यह सरकारी सेवा नियमों का गंभीर उल्लंघन होने के साथ-साथ सार्वजनिक धन के दुरुपयोग का मामला भी होगा।

## अनुकंपा नियुक्ति पर भी उठे सवाल

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि अतिरिक्त सेवा अवधि का लाभ मिलने के दौरान संबंधित कर्मचारी के एक परिजन को अनुकंपा नियुक्ति भी प्रदान कर दी गई। इस नियुक्ति प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए आरोप लगाया है कि पूरे मामले में भाई-भतीजावाद और पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया गया। उनका कहना है कि यदि सेवा अवधि बढ़ाने का आधार ही संदिग्ध था तो उससे जुड़े अन्य प्रशासनिक निर्णयों की भी जांच होना आवश्यक है।

## ऑडिट आपत्ति के बावजूद कार्रवाई नहीं

ऑडिट रिपोर्ट में स्पष्ट आपत्ति दर्ज होने के बाद भी संबंधित अधिकारियों ने मामले में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया। यदि समय रहते जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाती तो सरकारी खजाने को कथित आर्थिक नुकसान से बचाया जा सकता था। आरोप है कि फाइल वर्षों तक दबाए रखने के कारण न केवल अनियमितता जारी रही, बल्कि शासन को अतिरिक्त वित्तीय भार भी उठाना पड़ा।

## वसूली करने और कार्रवाई की मांग

पूरे मामले की स्वतंत्र एजेंसी अथवा उच्च स्तरीय समिति से जांच कराने की मांग की है। साथ ही दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय और कानूनी कार्रवाई करने, अतिरिक्त भुगतान की गई राशि की ब्याज सहित वसूली तथा जिम्मेदारी तय करने की मांग भी उठाई है।

# डॉक्टर का अपॉइंटमेंट दिलाने के नाम पर साइबर ठगी, एफडी तोड़कर खाते से उड़ाए एक लाख

## ऑनलाइन नंबर पर कॉल करना पड़ा महंगा, 5 रुपये के रजिस्ट्रेशन की आड़ में ठगों ने बनाया शिकार

**रीवा।** रीवा में साइबर अपराधियों ने ठगी का एक ऐसा तरीका अपनाया है, जिसने लोगों की ऑनलाइन सेवाओं पर भरोसे को झटका दिया है। डॉक्टर का अपॉइंटमेंट दिलाने के नाम पर महज 5 रुपये का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति की सावधि जमा (एफडी) तुड़वा दी और उसके खाते से एक लाख रुपये अपने खाते में स्थानांतरित कर लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, अरुण नगर निवासी राजेश्वरी प्रसाद द्विवेदी को सतना के एक चिकित्सक से परामर्श लेना था। इसके लिए उन्होंने इंटरनेट पर संबंधित डॉक्टर का मोबाइल नंबर खोजा। सर्च के दौरान मिले नंबर पर संपर्क करने पर दूसरी ओर मौजूद व्यक्ति ने स्वयं को अस्पताल से जुड़ा बताते हुए कहा कि डॉक्टर से मिलने से पहले ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है, जिसके लिए मात्र 5 रुपये का शुल्क देना होगा। आरोपी ने रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी कराने के नाम पर पीड़ित के मोबाइल पर एक पीडीएफ फाइल भेजी और उसे खोलने के लिए कहा। पीड़ित उसके निर्देशानुसार फाइल खोलता रहा, जबकि दूसरी ओर ठग लगातार फोन पर बातचीत कर उसे विश्वास में लेता रहा।




प्रारंभिक तौर पर पीड़ित को किसी प्रकार की गड़बड़ी का आभास नहीं हुआ। घटना के अगले दिन जब पीड़ित ने अपने बैंक खाते की जानकारी प्राप्त की तो वह हैरान रह गया। उसके नाम पर एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में जमा लगभग दो लाख रुपये की एफडी स्वतः टूट चुकी थी। बैंक प्रक्रिया के तहत एफडी की राशि उसके नाबालिग पुत्र के खाते में जमा हुई, जिसके बाद साइबर ठगों ने दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से एक लाख रुपये अपने खाते में स्थानांतरित कर लिए।पीड़ित ने तत्काल बैंक से संपर्क कर जानकारी जुटाई और बाद में पुलिस थाने पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर साइबर ठगी का मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। बैंक खातों के लेनदेन, मोबाइल नंबर और डिजिटल ट्रांजेक्शन के तकनीकी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा सके। यह मामला इसलिए भी गंभीर माना जा रहा है क्योंकि साइबर अपराधियों ने किसी लिंक या ओटीपी की सामान्य ठगी के बजाय डॉक्टर के अपॉइंटमेंट जैसी सामान्य और भरोसेमंद सेवा का सहारा लेकर वारदात को अंजाम दिया। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पुलिस एवं रीवा पुलिस द्वारा इन दिनों सेफ क्लिक, सुरक्षित जीवन अभियान के माध्यम से स्कूलों, महाविद्यालयों, शासकीय कार्यालयों तथा आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसके बावजूद साइबर ठग रोज नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को निशाना बना रहे हैं।




# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत स्वागतम लक्ष्मी कार्यक्रम का आयोजन, नवजात बालिकाओं का किया गया सम्मान

**रीवा** । महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भारत सरकार की महत्वाकांक्षी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत संचालित स्वागतम् लक्ष्मी कार्यक्रम के अनुक्रम में प्रत्येक माह की भांति इस माह में भी जिला चिकित्सालय बिछिया के प्रसूति वार्ड में नवजात बालिकाओं एवं उनकी माताओं के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रसूति वार्ड में जन्मी नवजात बालिकाओं की माताओं का पुष्पगुच्छ एवं शुभकामनाओं के साथ सम्मान किया गया तथा प्रत्येक नवजात बालिका के लिए स्वच्छता किट भेंट स्वरूप प्रदान की गई। साथ ही बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं समग्र विकास की कामना करते हुए जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित माताओं एवं उनके परिजनों को बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच अपनाने, लिंग समानता को बढ़ावा देने, बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं सुरक्षा के महत्व के संबंध में जागरूक किया गया। विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि बेटी केवल परिवार ही नहीं बल्कि समाज एवं राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। उन्हें समान अवसर प्रदान करना प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर चिकित्सालय के चिकित्सकों, स्टाफ नर्सों एवं वार्ड प्रभारी द्वारा भी कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए नवजात बालिकाओं एवं उनकी माताओं को शुभकामनाएं दी गईं तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित इस अभिनव पहल की सराहना की। कार्यक्रम में बालिकाओं के सम्मान एवं संरक्षण का संकल्प लेते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर, रीवा की टीम, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, चिकित्सालय का समस्त चिकित्सकीय एवं नर्सिंग स्टाफ तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बताया गया कि ₹स्वागतम् लक्ष्मी₹ कार्यक्रम का उद्देश्य बालिका जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना, कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति समाज को संवेदनशील बनाना है। विभाग द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम प्रत्येक माह नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे बेटियों के प्रति सम्मान और समानता का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावी रूप से पहुँच सके।

# सेमरिया पुलिस की कार्यवाही , लौटाई माँ की मुस्कान पिछले 3 दिन में दूसरे गुम बालक को किया दस्तयाब

**रीवा** I पुलिस अधीक्षक रीवा डॉ गुरूकरण सिंह के द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन मुस्कान के तारतम्य में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के निर्देशन व एसडीओपी रूपेंद्र धुर्वे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सेमरिया शिवा अग्रवाल तथा पुलिस टीम द्वारा अपहृत बालक को दस्तयाब कर सकुशल परिजनो को सुपुर्द किया गया । फरियादी द्वारा थाना उपस्थित आकर अपने नाबालिक लड़का के घर से बिना बताए चले जाने संबंधी रिपोर्ट थाना सेमरिया में लेख कराया था जिस पर थाना सेमरिया में अपराध धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था जिसमें कार्यवाही करते हुए अपहृत बालक को सकुशल दस्तयाब किया जाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया है। **सराहनीय भूमिका** -: थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल, SI लंकेश प्रसाद वर्मा, प्र.आर. प्रमोद अग्निहोत्री, आरक्षक प्रबल त्रिपाठी, आरक्षक जीतेन्द्र बागरी, आरक्षक जोगेन्द्र गौतम

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से मिलेगी मुफ्त बिजली और होगा पर्यावरण संरक्षण

**रीवा** । भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना लागू की गई है। इस योजना के माध्यम से उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली मिलने के साथ पर्यावरण संरक्षण भी होगा। ताप विद्युत केन्द्रों से बिजली उत्पादन के लिए भारी मात्रा में कोयले का दहन किया जाता है जो पर्यावरण के प्रतिकूल है। सोलर पैनल पूरी तरह से निःशुल्क तथा पर्यावरण के अनुकूल है। बिजली का उपयोग करने वाले आवासीय घरों में सोलर पैनल लगवाकर बिजली के बिल में 30 से 70 प्रतिशत तक की कमी ला सकते हैं। इस संबंध में अधीक्षण यंत्री ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत दो किलोवाट तक की क्षमता वाले छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए 30 हजार प्रति किलोवाट वित्तीय सहायता दी जाती है। इसी तरह तीन किलोवाट अथवा उससे अधिक क्षमता के सोलर पैनल लगवाने पर 78 हजार का अनुदान दिया जा रहा है।अधीक्षण यंत्री ने बताया कि छत पर सोलर पैनल लगाने से प्रति किलोवाट 1300 यूनिट बिजली का साल भर में उत्पादन होता है। इस बिजली को नेट मीटरिंग वाली बिजली यानी ग्रिड से जोड़ने पर मासिक बिजली बिल में काफी कमी आती है। नेट मीटरिंग प्रक्रिया के द्वारा लगाया गया मीटर सोलर पैनल से प्राप्त बिजली तथा ग्रिड से ली गई बिजली का आकलन करता है। सोलर पैनल से उत्पादित बिजली यदि घरेलू उपकरणों में उपयोग से अधिक है तो उसे ग्रिड में भेज देता है। जब सोलर पैनल से बिजली का उत्पादन नहीं होता तब स्वचालित तरीके से ग्रिड से बिजली की आपूर्ति घर में होती रहती है। उपभोक्ता को केवल अतिरिक्त बिजली के लिए ही राशि देनी होती है। इस योजना का लाभ लेने के लिए पोर्टल पीएम सूर्य घर डॉट जीओभी डॉट इन अथवा स्मार्ट बिजली एप से आवेदन किया जा सकता है। सरकार द्वारा सोलर पैनल लगाने के लिए वेंडर निर्धारित कर दिए गए हैं। इनसे प्रस्ताव लेकर प्रतिस्पर्धी मूल्य के आधार पर सोलर पैनल लगवाएं

# मादक पदार्थों के अवैध परिवहन एवं वितरण से जुडे अंतरराज्यीय नेटवर्क का खुलासा

**मऊगंज।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अपराधों एवं अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुपालन में तथा मध्य प्रदेश पुलिस के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के मार्गदर्शन में विंध्य क्षेत्र में पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत के निर्देशन में संचालित ₹ऑपरेशन प्रहार-2₹ के अंतर्गत नशे के विरुद्ध कार्रवाई सतत जारी है। इसी क्रम में पुलिस उप महानिरीक्षक, रीवा रेंज हेमंत चौहान के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक मऊगंज सुरेंद्र कुमार जैन के निर्देशन में थाना शाहपुर के एनडीपीएस एक्ट प्रकरण की विवेचना के दौरान मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े अन्य सहयोगियों एवं नेटवर्क के संबंध में महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं।पूर्व में थाना शाहपुर में एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी चंदन सिंह से पूछताछ एवं विवेचना के दौरान प्राप्त तथ्यों के आधार पर पुलिस द्वारा सुनील यादव पिता कपिलदेव यादव, उम्र 35 वर्ष, को महाराष्ट्र के मुम्बई से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में सामने आया है कि सुनील यादव का संपर्क लगभग दो वर्ष पूर्व चंदन सिंह से मादक पदार्थों की आपूर्ति, परिवहन एवं वितरण के संबंध में हुआ था, जिसके बाद दोनों के बीच मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से संबंधित संपर्क बना रहा। प्रारंभिक विवेचना के अनुसार चंदन सिंह द्वारा निर्मित मादक पदार्थ सुनील यादव को दिया जाता था, जिसका वह अपने अन्य सहयोगियों के माध्यम से आगे वितरण कराता था।उक्त प्रकरण में अभी तक जिला पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की आपूर्ति, परिवहन, वितरण एवं वित्तीय नेटवर्क से जुड़े कुल 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। विवेचना में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत वैधानिक कार्रवाई की गई है, आगे की कार्यवाही जारी है।

# मऊगंज में निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर 13 से 15 जुलाई तक

**मऊगंज।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के सहयोग से जिले में 13 से 15 जुलाई 2026 तक निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किए जाएगे। शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है। कलेक्टर श्री संजय कुमार जैन ने शिविर की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शासन दिव्यांगजनों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है और यह शिविर उनके जीवन को सुगम एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कलेक्टर ने जिले के सभी पात्र दिव्यांगजनों एवं उनके परिजनों से शिविर में उपस्थित होकर इसका अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है। शिविर में 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले पात्र हितग्राहियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र, स्मार्ट केन, कृत्रिम अंग सहित विभिन्न सहायक उपकरण निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। शिविर में लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित तिथि पर उपस्थित होना होगा। जिला प्रशासन द्वारा शिविर के सफल संचालन के लिए संबंधित विभागों को पात्र हितग्राहियों की पहचान, पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने आसपास के पात्र दिव्यांगजनों को शिविर की जानकारी देकर उन्हें इस विशेष अभियान का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें ।

# जिले में 13 से 18 जुलाई तक चलेगा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तृतीय चरण

**घर-घर पहुंचकर पशुपालकों को नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं स्वास्थ्य प्रबंधन की दी जाएगी जानकारी**

**सिंगरौली, सिंगरौली जिले में 13 से 18 जुलाई 2026 तक दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तृतीय चरण संचालित किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन हेतु समस्त सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों, मैत्री कार्यकर्ताओं, गौसेवकों एवं पशुसखियों को 10 जुलाई को कृषि विज्ञान केंद्र सिंगरौली में जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिया जा चुका है। मैदानी अमले को निर्देशित किया गया है कि वे मुख्य रूप से उन पशुपालकों के घर-घर पहुंचकर संपर्क व संवाद स्थापित करें, जिनके पास तीन से चार गौवंश अथवा भैंसवंश उपलब्ध हैं।**



अभियान का मुख्य उद्देश्य दुग्ध उत्पादन में गुणात्मक सुधार लाना, पशुओं की उत्पादकता बढ़ाना और वैज्ञानिक पशुपालन को प्रोत्साहित करना है। इसके तहत पशुपालकों को नस्ल सुधार, संतुलित पशु पोषण तथा पशु स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही कृत्रिम गर्भाधान, उन्नत नस्ल विकास, संतुलित आहार और रोगों की रोकथाम के प्रति गृह भेंट, गौरस ऐप, क्षीर धारा ग्राम योजना तथा गौपालक दीदी योजना के माध्यमों से जागरूक किया जाएगा। अभियान के दौरान प्रत्येक लक्षित पशुपालक से संपर्क के बाद कार्यकर्ता पूरी जानकारी विभागीय 'दुग्ध संपर्क अभियान ऑनलाइन पोर्टल' पर दर्ज करेंगे। इसकी पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग, उपखंड अधिकारी राजस्व, पशु चिकित्सकों तथा नोडल अधिकारियों की टीम द्वारा इन प्रविष्टियों का जमीनी स्तर पर भौतिक सत्यापन भी किया जाएगा। कलेक्टर गौरव बैनल ने संबंधित अधिकारियों को ग्रामवार एवं तिथिवार कार्ययोजना के अनुसार अभियान का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और पशुपालकों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य को सफलतापूर्वक प्राप्त किया जा सके।